NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/71/84/21 Date : 5.5.2021

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– कोविड–19 के मरीजो के इलाज हेतु नर्सिंग एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति किया जाना।
संदर्भ :– रेलवे बोर्ड पत्र संख्या E(NG)11/2005/RC-4/5C/2/Pt.1 दिनांक 30.4.2021

महोदय,

अवगत कराना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के चिकित्सालयों में बनाये गये कोविड अस्पतालो में नर्सिंग एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की बेहद कमी है जिसके कारण मरीजो का उचित देखभाल नही हो पा रहा है और न ही मरीजो के सम्बन्धियों को उनकी हालत के बारे में उन्हें जानकारी मिल पा रही है।

NCRES को यहाँ यह भी अवगत कराना है कि कोविड–19 के दूसरे चरण में नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के चिकित्सालयों में कोविड–19 के लेवल–2 का चिकित्सालय बनाया गया है जिसमें ज्यादातर मरीज गम्भीर है एवं लगभग सभी को आक्सीजन की आवश्यकता पड़ रही है और यहाँ आक्सीजन पाइप लाइन की जगह ज्यादातर बेड पर अलग–अलग आक्सीजन सिलेन्डर रखा है जिसको अगर निश्चित समय पर चेक एवं बदला नही गया तो मरीज की मृत्यु भी हो सकती है।

वर्तमान में प्रत्येक 25 गम्भीर मरीजो पर एक नर्सिंग स्टाफ एवं एक अटेन्डेन्ट लगाया जा रहा है जो कि पर्याप्त नही है क्योंकि कोविड–19 के मरीजो को लगातार आक्सीजन लेवल जांच/निबूलाईजेशन आदि की जरूरत पड़ रही है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक दिन 7–8 मरीजो की मृत्यु हो रही है और शवो को मार्चरी में रखने की जिम्मेदारी भी इन्ही पर है।

NCRES को यह भी अवगत कराना है कि रेलवे बोर्ड के उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 30.4.2021 में स्पष्ट है कि कोविड–19 के फैलते संक्रमण को देखते हुये स्वीकृत संख्या से अधिक ग्रुप 'C' पैरामेडिकल स्टाफ रखे जा सकते है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि कोविड–19 के मरीजो के उचित इलाज एवं उनकी जान बचाने हेतु प्रत्येक 25 मरीजो पर प्रत्येक शिफ्ट में तीन नर्सिंग स्टाफ, 2 अटेन्डेन्ट एवं एक सफाई वाले का होना सुनिश्चित किया जाय एवं इसके लिये यदि जरूरत हो तो पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त नर्सिंग स्टाफ एवं अटेन्डेन्ट को अनुबन्धित किया जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि : प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज